महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ में तीन तलाक पर पहली कार्यवाई, राजधानी रायपुर से आरोपी गिरफ्तार

मनेंद्रगढ़ / रायपुर (आरएनएस)। तीन तलाश पर रोक का कानून पारित होने के बाद छत्तीसगढ़ में पहला मामला सामने आया है. मनेंद्रगढ़ पुलिस ने राजधानी रायपुर में बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी से आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मनेंद्रगढ़ की 22 वर्षीय युवती का विवाह पिछले साल 9 सितंबर को आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द के मोहम्मद शरीफ (36 वर्ष) से हुआ था. मुस्लिम विधि से मनेंद्रगढ़ में कार्यक्रम संपन्न हुआ था. युवती की स्किन खुश्क रहती है. यह जानकारी शादी से पहले वर पक्ष को दी गई थी. शादी के बाद युवती रायपुर में रहने के लिए आ गई. करीब महीनेभर बाद मोहम्मद शरीफ उसे मायके में छोड़कर चला गया. इसके बाद इस साल 17 जनवरी को उसने तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तलाक दे दिया. शरीफ ने कहा कि युवती की स्किन हमेशा खुश्क रहती है, इसलिए वह दूसरा निकाह करेगा. इस मामले की शिकायत प्रार्थिया ने दो फरवरी को मनेंद्रगढ़ थाने में की थी, जिसके बाद आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसईसीएल गेवरा कोल माइंस में लगी भीषण आग, कोल स्टॉक का काफी कोयला जलकर खाक

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के एसईसीएल गेवरा कोल माइंस के कोल स्टॉक में मंगलवार को लगी भीषण आग पर बुधवार तड़के काबू पा लिया गया। गेवरा के आनंद वाटिका कोल स्टॉक में लगी आग पर 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पाया जा सका।आग लगने के कारण कोल इंडिया को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इधर पूरे मामले में प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बारे में जब एसईसीएल के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका मोबाइल बंद मिला। वहीं घटनास्थल पर मौजूद अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बचते नजर आए। बताया जा रहा है कि आग काफी समय से लगी हुई थी, लेकिन अधिकारियों ने उस पर संज्ञान नहीं लिया और आग फैलती चली गई। तब जाकर आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कोल स्टॉक का काफी हिस्सा धू-धूकर जल चुका था।

नक्सलियों ने सेना के जवान की हत्या अग्निवीर भर्ती के विरोध में करना बताया

कांकेर (आरएनएस)। जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र अंर्तगत फुफगांव मार्ग पर नक्सलियों के कुएमारी एरिया कमेटी ने बैनर लगाकर सेना के जवान मोतीलाल आंचला की हत्या उसेली बाजार में करना स्वीकार किया है। नक्सलियों ने इसके पीछे अग्निवीर भर्ती को वजह बताया है। नक्सलियों के कुएमारी एरिया कमेटी ने जवान की हत्या की जिम्मेदारी ली है। नक्सलियों ने बैनर में लिखा है कि बस्तर संभाग में व्यवसायीकरण, औद्योगीकरण और सेना में अग्निवीरों की भर्ती के खिलाफ उन्होंने सेना के जवान मोतीलाल आंचला की हत्या की है। इससे पहले पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सली आम ग्रामीणों की हत्या करते रहे हैं।

सिलेंडर का दाम बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन

कोरबा (आरएनएस)। ग्रामीण विकास सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और बढ़ती महंगाई सिलेंडर के बढ़े दामों पर सीधे.सीधे केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया केंद्र की मोदी सरकार देश को छलने का काम कर रही है केंद्र की भाजपा सरकार को देश की जनता का कोई सरोकार नहीं है वह सिर्फ और सिर्फ अपने मित्र अदानी और अंबानी की जेब भरने में लगी हुई है देश की बढ़ती हुई महंगाई से केंद्र की मोदी सरकार को कोई भी लेना देना नहीं है युवा कांग्रेस कोरबा जिला ग्रामीण यह मांग करती है कि जल्द से जल्द भारत देश की महंगाई पर रोक लगाई जाए जिससे आम जन को जीवन जीने में सरलता हो।

राजस्व मामलों के समाधान के लिए आयोजित शिविर में भारी संख्या में लोग पहुंचे तहसील कार्यालय

शिविर में आए हितग्राहियों ने त्वरित निराकरण हेतु जिला प्रशासन का किया आभार

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण करने के लिए आज सारंगढ़ तहसील में सुबह 10.30 बजे से वृहद राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अनुविभागीय अधिकारी मोनिका वर्मा, तहसीलदार शनि पैंकरा एवं आयुष तिवारी, साथ ही समस्त राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित पटवारी समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित रहे। सारंगढ़ तहसील कार्यालय में सुबह से लोग भारी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। उक्त राजस्व शिविर में राजस्व प्रकरणों के नामांतरण, बंटवारा, आरबीसी 6-4, द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका, रिकार्ड दुरुस्ती, सीमांकन, खाता विभाजन, किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, डायवर्सन कर वसूली, भू-अर्जन, डिजिटल हस्ताक्षर एवं राजस्व से संबंधित अन्य प्रकरणों का निराकरण एवं अन्य आवेदन पत्र प्राप्त कर शिविर में निराकरण किये जाने योग्य आवेदनों का शिविर में निराकरण तथा अन्य पत्रों का समय-सीमा में निराकरण किये जाने हेतु एवं प्राप्त आवेदनों का निराकरण का कार्य किया गया।

ग्राम केडार निवासी केवराभाई पति देव नारायण ने अपनी समस्या बताई की उनका ऋण पुस्तिका गुम हो गया था, राजस्व शिविर में आकर उन्होंने आवेदन किया, जिस पर तत्काल उन्हें नया ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। कोरबा से सारंगढ़ जाति प्रमाण पत्र बनाने आए हितग्राही ने बताया कि इस राजस्व शिविर के माध्यम से आज ही उनकी समस्या का निराकरण हो गया, जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। हरदी निवासी अनिल कुमार जिनका प्रमाणीकरण हो चुका था, उन्हें ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुआ था, शिविर के माध्यम से उन्हें ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। गोड़म निवासी गोमती बेवा करमु एवं भामा पिता करमु अपने ऋण पुस्तिका संबंधी समस्या को लेकर शिविर में आए थे, लंबे समय से जानकारी के अभाव में उनका ऋण पुस्तिका बन नहीं पा रहा था, राजस्व शिविर में आकर तत्काल ऋण पुस्तिका पाकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

भू-अर्जन प्रकरण वाले कृषकों को भी मिला मुआवजा- वृहद राजस्व शिविर में भू-अर्जन प्रकरण वाले 3 खातेदारों को भू-अर्जन की कुल राशि 7 लाख 48 हजार 50 रुपए चेक के माध्यम से वितरित किया गया। ग्राम बरगांव निवासी जगनथिया एवं अन्य खातेदारों को कुल 6 लाख 35 हजार 217 रूपए, इसी प्रकार बुधियारिन बेवा रोहित एवं अन्य खातेदारों को कुल 16 हजार 43 रूपए एवं ग्राम घोठला छोटे के चैतमति को 96 हजार 790 रूपए वितरित किया गया। समस्त खातेदारों ने शिविर के माध्यम से मुआवजा राशि का चेक प्राप्त होने से राजस्व अमले के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सारंगढ़ तहसील में कुल 1676 प्राप्त आवेदनों में 1542 आवेदनों का किया गया निराकरण- आज सारंगढ़ तहसील कार्यालय में आयोजित वृहद राजस्व शिविर में बड़ी संख्या में लोग आवेदनों के निराकरण के लिए पहुंचे। शिविर में कुल 1676 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1542 आवेदनों का निराकरण किया गया एवं शेष 134 आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त आवेदनों में किसान किताब के 70 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के 35 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र के 246 आवेदन, निवास प्रमाण पत्र के 253 आवेदन, अभिलेख दुरुस्ती के 90 आवेदन, आरबीसी 6-4 के 4 आवेदन प्राप्त हुए, इसके साथ ही अन्य 662 आवेदनों में धारणाधिकार संशोधन के 46 आवेदन, डायवर्सन के 19 आवेदन, भू-अर्जन मुआवजा वितरण के 3 आवेदन और डायवर्सन कर वसूली के 17 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा नक्शा बटांकन के 53 आवेदन, सीमांकन के 45 आवेदन, नामांतरण के 218 आवेदन, डिजिटल हस्ताक्षर के 210 आवेदन, नक्शा खसरा एवं बी-1 वितरण के 300 आवेदन, नकल के 15 आवेदन, रकबा संशोधन के 12 आवेदन एवं अन्य विभागों से संबंधित 40 आवेदनों का निराकरण किया गया।

मुख्यमंत्री यूथ सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के बीच पहुंचे संभागायुक्त व कलेक्टर, बच्चों का बढ़ाया मनोबल

जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही पर दो लोगों को शो-काज नोटिस

रायगढ़। इस केन्द्र की शुरूआत इसलिए की गई है ताकि आपको यही पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिले, आप सभी इसका भरपूर लाभ उठायें। जब आप सफल होंगे तो हमें सबसे ज्यादा खुशी होगी तथा हमारा प्रयास सार्थक होगा। यह बातें संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने पुसौर के मुख्यमंत्री यूथ सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से कही। वे सेंटर के निरीक्षण में पहुंचे थे। यहां उन्होंने छात्रों के अध्ययन-अध्यापन के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों से सीधा संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ.अलंग ने यूथ सेंटर के लैब व लाईब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां इंटरनेट की सुविधा के साथ मासिक पत्रिकाएं भी उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया।

संभागायुक्त डॉ.अलंग ने सूपा के आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नन्हे बच्चों से मुलाकात की तथा आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के पोषण आहार तथा स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी ली। सभी बच्चों के पोषण स्तर की नियमित जांच करने तथा कुपोषित बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए।

मुंगफली उगा रहे किसान के खेत में पहुंचे संभागायुक्त, किया उत्साहवर्धन- निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ.अलंग सूपा के किसान भुनेश्वर पटेल के खेत पहुंचे। पटेल 10 एकड़ में मुंगफली की खेती कर रहे है। उन्होंने कहा कि वे पहले इस जमीन पर रबी में भी धान की खेती करते थे। लेकिन अब वे शासन की योजनाओं का लाभ लेकर मुंगफली की खेती को अपनाया है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि दूसरे किसान भी इससे प्रेरित होंगे।

जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही, दो को शो-काज नोटिस

संभागायुक्त डॉ.अलंग पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-तडोला में जल जीवन मिशन के चल रहे कार्यों के अवलोकन में पहुंचे। यहां उन्होंने ओव्हर हेड टैंक के साथ ग्रामीणों के घर जाकर नल कनेक्शन विस्तार का काम देखा तथा लोगों से फीडबैक भी लिया। यहां ग्रामीणों द्वारा काम में लापरवाही की शिकायत की गई। जिसको लेकर संभागायुक्त ने नाराजगी जताया व संबंधित सब इंजीनियर व थर्ड पार्टी एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की यह महत्वपूर्ण योजना है इसमें लापरवाही नहीं चलेगी।

गुम बच्चे को जूटमिल पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

रायगढ़। कल शाम थाना जूटमिल में अमलीभौना की रहने वाली महिला उसके 08 साल के बालक के बिना बताये घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची थी। नाबालिग के गुम रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर अपने थाने के व्हाटसअप ग्रुप में गुम बालक के फोटो, जानकारी शेयर कर बालक को बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, बाजार आसपास पतासाजी करने का निर्देश दिये। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जूटमिल थाने की पेट्रोलिंग गुम बालक का पतासाजी करते हुए रेल्वे स्टेशन पहुंची, जहां बालक रेल्वे स्टेशन के बाहर अकेला मिला। थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल गुम बालक की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध दर्ज कर ही रहे थे कि बालक को पेट्रोलिंग वाहन थाने लेकर आयी जिसे देखकर परेशान परिजनों के चेहरे पर मुस्कान आयी। बच्चे ने उसकी मां के पूछे जाने पर घूमते हुए रेल्वे स्टेशन की ओर जाना बताया, थाना प्रभारी बालक को गुब्बारे दिला कर बिना बताये घर से अकेले नहीं जाने की समझाइश दिये और बालक को उसके मां के सुपुर्द किये।

युवक को बेवजह स्कूल के पास मंडराना पड़ा भारी

प्रिंसिपल की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने युवक पर की कार्यवाही

रायगढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल के प्राचार्य द्वारा थाना जूटमिल में एक लिखित आवेदन इस आशय का दिया गया कि विगत कुछ दिनों से असामाजिक तत्व रात्रि में विद्यालय के छत पर नशाखोरी करते हैं। संभवतः उन्हीं के द्वारा पानी की टंकी को तोड़फोड़ किया गया है जिससे पानी सप्लाई बाधित है और शासकीय संपत्ति का नुकसान हुआ है। आज सुबह भी एक अज्ञात व्यक्ति को बिल्डिंग के छत पर देखा गया है। प्रिंसिपल के शिकायत पर थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर ने थाने की पेट्रोलिंग को जाकर तस्दीक करने और स्कूल के समय निरंतर पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिए। जूटमिल की पेट्रोलिंग स्कूल पहुंची तो वहां उन्हें एक संदिग्ध युवक मिला जिसे स्कूल समय परिसर में घूमने का कारण पूछने पर हक्का-बक्का रह गया। नाम, पता पूछने पर युवक अपना नाम रवि गोंड निवासी कबीरचौक जूटमिल का रहने वाला बताया जिसे पेट्रोलिंग थाना लेकर आयी। थाना प्रभारी द्वारा युवक को समझाइश दिया गया कि अकारण स्कूल आसपास ना मंडराये और अपने साथियों को भी स्कूल की ओर घूमने से मना करें। जूटमिल पुलिस द्वारा युवक पर धारा 151 CrPC के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर युवक को एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

खरसिया पुलिस ने वाहन समेत 16 नग सागौन गोला किया जब्त

रायगढ़। 1 मार्च को चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर ने अपने स्टाफ के साथ मुखबिर सूचना पर पिकअप वाहन पर सागौन लकड़ी का परिवहन कर रहे ड्रायवर को नया मंगल बाजार सपिया रोड में पकड़ा गया है।

चौकी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छाल की तरफ से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 बीई 8501 में इमारती लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा है। वाहन चालक ईश्वर प्रसाद चंद्रा पिता भगवानु चन्द्रा उम्र39 साल निवासी किरकार थाना मालखरौदा जिला सक्ती ने वाहन को ब्रह्मानंद चौहान निवासी भुरसीडीह, बाराद्वार का होना और छाल जंगल से 16 नग सागौन लकड़ी का गोला खरीद कर गांव ले जाना बताया। ड्रायवर के पास लकड़ी के परिवहन का कोई कागजात नहीं था। चौकी प्रभारी ने वाहन स्वामी ब्रह्मानंद चौहान को तलब कर चौकी बुलाया गया। वाहन में रखी लकड़ियां चोरी की होने के संदेह पर खरसिया पुलिस द्वारा वाहन पिकअप सीजी 11 बीई 8501 मय 16 नग सागौन लकड़ी का गोला कीमती करीब रु.40,000 को धारा 102 CrPC के इस्तगासा की कार्यवाही कर डिप्टी रेंजर खरसिया के सुपुर्द किया गया है।

सात चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी पूरी, दो ने न्यायालय से लिया स्थगन

कलेक्टर डॉ भुरे ने बैठक में की समीक्षा, 4 करोड़ रुपए से अधिक निवेशकों को लौटाए गए

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर चिटफंड कंपनियों में अपनी मेहनत की कमाई का निवेश करने वाले लोगों को उनकी राशि वापस दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनी देवयानी प्रापर्टी लिमिटेड की संपत्तियों को नीलाम कर 9 हजार 866 निवेशकों को 4 करोड़ 14 लाख रूपये से अधिक की राशि वापस भी करा दी गई है। आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई बैठक में जिले में चिटफंड कंपनियों पर की जा रही कार्रवाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों की सही जानकारी प्राप्त कर उनकी नीलामी करने की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बी.बी. पंचभाई सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में सात चिटफंड कंपनियों के संपत्तियों की ज्ञात संपत्तियों की नीलामी की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इन कंपनियों के विरूद्ध थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इनमें से दो कंपनियों ने नीलामी के विरूद्ध न्यायालय से स्थगन प्राप्त किया है। देवयानी प्रापर्टी प्राइवेट लिमिटेड की संपत्तियों की नीलामी कर 4 करोड़ 14 लाख 97 हजार 304 रूपये मिले है, जिसे जिले के 9 हजार 866 निवेशकों को लौटाया गया है। इसी प्रकार गोल्ड की इन्फ्राबेंचर लिमिटेड एवं बेसिड बेनीफीट लिमिटेड की संपत्तियों की नीलामी से 81 लाख रूपये, निर्मल इन्फ्रा होम कार्पोरेशन लिमिटेड की संपत्ती की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रूपये आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ती की नीलामी से 11 लाख 85 हजार रूपये और शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ती नीलामी से 2 करोड़ 10 लाख 12 हजार रूपये शासकीय खाते में जमा हुए है।

बैठक में अधिकारियों ने यह भी बताया कि एबीएल डेयरीज एण्ड एलाइड लिमिटेड की संपत्ती की भी नीलामी पूरी कर ली गई है। इस कंपनी की संपत्ती 10 करोड़ 30 लाख रूपये में नीलाम हुई है, परन्तु कंपनी ने एनसीएलटी से नीलामी के विरूद्ध स्थगन प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार किम इन्फ्रा डेवलपर्स लिमिटेड और नेक्टर कॉमर्शियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ती भी 1 करोड़ 54 लाख 40 हजार रूपये में नीलाम की जा चुकी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
SJU
Join SJU
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तारामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुछ सी.डी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साहू ने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ सदस्यता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संस्थानों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के संरक्षण के सम्बंध में विभिन्न एवं संवैधानिक नीतियों के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा पूरे प्रदेश पीड़ितों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में प्रेरित किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु इस संघ द्वारा मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन, एवं पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सतत् सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल विचार पर मानव निर्माणों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पहिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
Address : Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

दंतेवाड़ा के ब्रांड डेनेक्स के साथ महिलाओं ने देश-दुनिया में उद्यमिता को दिलाई नई पहचान

समाज के रूढ़िवादी नजरिए को तोड़ा, लिखी आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई इबारत

रायपुर (आरएनएस)। पारंपरिक चलन में महिलाओं को रोजगार दिलाने का मतलब था एक तकनीकी कौशल का ज्ञान देकर कर्मचारी के रूप में नियोजित करना, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक नई सोच के साथ यह तय किया कि महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए उद्योग तो स्थापित होंगे, लेकिन उनका संपूर्ण प्रबंधन भी महिलाओं के ही हाथ में होगा। यानी छत्तीसगढ़ मॉडल में महिला निर्भरता का मतलब उसे कुशल कर्मचारी नहीं, बल्कि सफल उद्यमी बनाना है। इसी सोच के साथ दंतेवाड़ा नेक्स्ट यानी डेनेक्स ब्रांड की शुरुआत की गई। इस रेडिमेड गारमेंट उद्योग में काम करने वाली सहायता समूह की महिलाएं, जिन्हें यहां के लोग दीदी कह कर बुलाते हैं, वे ही इस कंपनी का संपूर्ण कार्य प्रबंधन भी संभालती हैं। इस तरह इस संगठन से जुड़ी हर एक महिला अपने आप में एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

12 लाख डिजाइनर कपड़े, 72 करोड़ की आमदनी- डेनेक्स फैक्ट्री से अब तक 12 लाख गारमेंट बनाकर विक्रय के लिए भेजे जा चुके हैं। यहां तैयार किए गए रेडीमेड कपड़ों की गुणवत्ता और उनकी डिजाइन ग्राहकों को लुभा रही है। इसी का नतीजा है कि कई बड़े मल्टीनेशनल स्टोर्स और ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर भी इन कपड़ों की बड़ी डिमांड है।

देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कई अन्य देशों को भी यहां तैयार किए गए रेडीमेड गारमेंट निर्यात किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए इन कपड़ों से कंपनी को अब तक करीब 72 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। इस फैक्ट्री के माध्यम से करीब 1000 महिलाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा गया है। जिला प्रशासन के संरक्षण में स्व सहायता समूहों के माध्यम से संचालित हो रहे इस रेडीमेड गारमेंट उद्योग को इंडस्ट्रियल चौन के रूप में आगे भी विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में प्रशासन के सहयोग से महिलाएं लगातार आगे बढ़ भी रही हैं।

उद्यमिता कौशल को मिल रही नई दिशा, बढ़ रहा आत्मसम्मान- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 31 जनवरी 2021 को डेनेक्स की पहली यूनिट की शुरुआत गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम हारम में की गई थी। दंतेवाड़ा जिले में हारम के बाद अब कटेकल्याण, छिंदनार, बारसूर, कारली में डेनेक्स की कुल 5 यूनिट स्थापित की जा चुकी हैं। इसमें सर्वप्रथम महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। डेनेक्स गारमेंट फैक्ट्री ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हुई है। इससे इनके उद्यमिता कौशल को बढ़ावा तो मिल ही रहा है साथ ही आजीविका का साधन मिलने से जीवन स्तर में तेजी के साथ सकारात्मक बदलाव आए हैं।

छत्तीसगढ़ मॉडल का अनूठा अनुप्रयोग- समाज के रूढ़िवादी और पितृसत्तात्मक नजरिए को डेनेक्स ने बदल कर रख दिया है। एक समय था जब बस्तर के क्षेत्र में औरतें घर की चारदीवारी तक सीमित थीं। डेनेक्स के जरिए महिलाएं इन बंदिशों को तोड़कर तरक्की के आसमान छू रही हैं और आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिख रही हैं।